प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

19.05 शुक्रवार दिनांक 31.05.2024

मुख्य समाचारः—

- आईआईएम रायपुर में आज से शुरू हुआ राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों के लिए चिंतन शिविर।
- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश के सभी शासकीय कार्यालयों के साथ ही मॉल, होटलों आदि में आगजनी से बचाव की सुविधाओं का निरीक्षण करने और उन्हें सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।
- ईडी ने कस्टम मिलिंग घोटाला मामले में रायपुर, दुर्ग और खरोरा में छापामार कार्यवाही की।
- धमतरी जिले में जल जगार अभियान की हुई शुरूआत।

मंत्री—चिंतन शिविर

रायपुर स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान—आईआईएम में आज से राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों के लिए चिंतन शिविर शुरू हो गया है। दो दिवसीय इस चिंतन शिविर में छत्तीसगढ़ के विजन के लिए विचार—विमर्श होना है। साथ ही संसाधनों के सतत उपयोग और योजनाओं के क्रियान्वयन सहित विविध विषयों पर चर्चा होगी। इस शिविर का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। चिंतन शिविर में मुख्यमंत्री सहित उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा तथा मंत्रिमंडल के अन्य सहयोगी भी हिस्सा ले रहे हैं। चिंतन शिविर के पहले दिन देश के जाने—माने प्रबंधन विशेषज्ञों ने राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों से परिचर्चा की।

प्रथम सत्र को नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने संबोधित किया। अपने संबोधन में श्री सुब्रमण्यम ने विकसित भारत की संकल्पना और इसे प्राप्त करने की रणनीति के संबंध में अपनी बातें साझा की। उन्होंने कहा कि बदलते अंतराष्ट्रीय परिदृश्य और समय को देखते हुए विकसित भारत का विजन तैयार किया गया है ताकि भारत अपनी विशिष्ट जगह बना सकें। श्री सुब्रमण्यम ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प पूरा करने में छत्तीसगढ़ की अहम भागीदारी होगी। छत्तीसगढ़ में विकसित राज्य बनने के लिए और तीव्र विकास की असीम संभावनाएं हैं और इस दिशा में आगे बढ़कर छत्तीसगढ़ अपने विकास के साथ ही विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

सभी मंत्रियों ने संवाद में भागीदारी करते हुए प्रदेश में इस संबंध में बनाई जा रही नीतियों के बारे में बताया।

मुख्यमंत्री—अग्निशामक यंत्र जांच

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश के सभी शासकीय कार्यालयों, छोटे—बड़े उद्योगों, होटलों, बहुमंजिला इमारतों, मॉल, गेमिंग जोन, अस्थाई प्रदर्शनियों और पेट्रोल पंप का निरीक्षण करने और अग्निशामक यंत्र की सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

श्री साय ने कहा कि भीषण गर्मी में आग लगने की घटनाएं हो रही है, जिससे जान—माल का नुकसान हो रहा है। अग्नि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिये नियमों का कड़ाई से पालन होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने सभी संस्था संचालकों से आग्रह किया है कि वे अपने प्रतिष्ठान में अग्निशामक यंत्रों का होना सुनिश्चित करें। जिससे आपात स्थिति में हालात पर काबू पाया जा सकें और जनहानि से बचा जा सके।

ईडी छापा

प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने कस्टम मिलिंग घोटाला मामले में रायपुर, दुर्ग और खरोरा में छापामार कार्यवाही की है। रायपुर और दुर्ग में दो–दो और खरोरा में एक ठिकाने पर जांच चल रही है।

मिली जानकारी के अनुसार ईडी ने राइस मिल एसोसिएशन के पूर्व महासचिव प्रमोद अग्रवाल के यहां छापा मारा है। ईडी द्वारा राईस मिल एसोसिएशन के रायपुर स्थित कार्यालय और अध्यक्ष कैलाश रुंगटा के यहां भी दबिश देने की खबर है। कस्टम मिलिंग के मामले में ईडी की यह दूसरी छापेमार कार्यवाही है। बताया जा रहा है कि ये छापे इस मामले में पकड़े गए खाद्य विभाग के विशेष सचिव मनोज सोनी और राइस मिल एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर से पूछताछ के आधार पर मारे गए हैं।

बेमेतरा–फैक्ट्री–दंडाधिकारी जांच

बेमेतरा जिले के बोरसी–पिरदा में पच्चीस मई को हुए स्पेशल ब्लास्ट फैक्ट्री में विस्फोट मामले की दंडाधिकारी जांच शुरू हो गई है। बेरला एसडीएम पिंकी मनहर को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। जो भी व्यक्ति इस घटना के संबंध में मौखिक गवाही या साक्ष्य प्रस्तुत करना चाहते हैं, वे बेरला के एसडीएम न्यायालय में सात से सत्रह जून तक उपस्थित होकर अपने दस्तावेज या साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते हैं।

गौरतलब है कि बीते पच्चीस मई को बेमेतरा जिले के बोरसी स्थित एक बारूद फैक्ट्री में विस्फोट होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। वहीं, आठ व्यक्ति लापता बताए जा रहे हैं।

माओवादी–गिरफ्तार

बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने कल सोलह माओवादियों को गिरफ्तार किया है। मिली जानाकारी के अनुसार डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी और पुलिस की संयुक्त टीम सर्चिंग के लिए निकली थी। इसी दौरान गोरना–पड़ियापारा से ग्यारह माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है। इसी तरह, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ और कोबरा बटालियन द्वारा थाना उसूर के अंतर्गत भूसापुर के जंगल से पांच माओवादियों को पकड़ा गया। पकड़े गये माओवादी लम्बे समय से माओवादी संगठन में सक्रिय थे। गिरफ्तार माओवादियों के पास से बैनर–पोस्टर और पाम्पलेट बरामद किए गए हैं। साथ ही इन पर सड़क खोदने, आईईडी प्लांट करने और बैनर लगाने जैसी घटनाओं में शामिल रहने का आरोप है। इन सभी माओवादियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

परसा कोल ब्लॉक–फैसला

सरगुजा संभाग के हसदेव अरण्य क्षेत्र में परसा कोल ब्लॉक को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग ने अहम फैसला देते हुए यह माना है कि, परसा कोल ब्लॉक के प्रस्ताव को पारित करने वाली ग्रामसभाएं विधि अनुरूप नहीं थी। आयोग ने आगामी आदेश तक यथा स्थिति बनाए रखने के आदेश सरगुजा कमिश्नर को दिए हैं।

गौरतलब है कि आयोग ने इस मामले की कल सुनवाई की थी, जिसमें जिला प्रशासन और ग्रामीणों के पक्ष को सुनने के बाद यह फैसला दिया गया है।

बातों–बातों में

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार लोकसभा चुनाव के तहत 04 जून मंगलवार को होने वाली मतगणना की तैयारियों पर छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले से ली गई भेंटवार्ता प्रसारित की जाएगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी केंद्र रायपुर से कल एक जून को सुबह साढ़े दस बजे से प्रसारित होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस

आज विश्व तम्बाकू निषेध दिवस है। इस मौके पर प्रदेश में अनेक आयोजन किए जा रहे हैं। बिलासपुर जिले में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर नेशनल कैडेट कोर–एनसीसी के छात्रों ने विप्र महाविद्यालय प्रांगण से गांधी चौक तक जन जागरूकता रैली निकाली। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रभात कुमार श्रीवास्तव ने रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में एनसीसी कैडेट और शहरी मितानीनों ने भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में एनसीसी विंग अधिकारी द्वारा तंबाकू के किसी भी प्रकार का सेवन न करने की शपथ दिलाई गई।

वहीं, कोरिया जिले में भी विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आर.एस. सेंगर ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही लोगों को तंबाकू उत्पाद का उपयोग नहीं करने की शपथ दिलाई।

जल जगार अभियानधमतरी में जल जगार अभियान की शुरूआत की गई है। कलेक्टर नम्रता गांधी ने जिले में नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान के तहत् जल जगार उत्सव मनाने की योजना बनाई, जिसका मुख्य उद्देश्य रैन वाटर हार्वेस्टिग, रूफटर्फ वाटर और वेस्ट वाटर मेनेजमेंट के माध्यम से शुद्ध पानी को जमीन के अंदर पहुंचाना है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के चार विकासखंडों के पांच–पांच ऐसे गांवों को चुना गया, जिनमें पानी की समस्या रहती है। कलेक्टर द्वारा जिले में संचालित सभी निजी स्कूलों, अस्पताल, रेस्टोरेंट सहित बड़े भवनों में पन्द्रह जून तक अनिवार्य रूप से रेन वाटर हार्वेस्टिंग और रूफटर्फ वाटर स्ट्रक्चर बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

वहीं, धमतरी के ही नवागांव थुहा में जल जगार कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों ने जल संरक्षण की शपथ ली। इस अवसर पर गांव में जल संरक्षण की दिशा में अच्छा काम करने वाले ग्रामीणों को सम्मानित भी किया गया।

किसान–प्रशिक्षण कार्यक्रम

छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ द्वारा प्रदेश के किसानों के लिए कल एक जून को कुम्हारी में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें उन्हें स्किल डेवलपमेन्ट के बारे में जानकारी दी जाएगी। वहीं, किसानों को मिर्च और बैंगन उत्पादन की तकनीक के बारे में भी बताया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि यह कार्यक्रम किसानों के लिए हर महीने आयोजित किया जाता है, जिसमें अन्य प्रदेशों के किसान भी हिस्सा लेते हैं।

हत्या–आरोपी गिरफ्तार

बलरामपुर जिले के डुमरखी जंगल में बीते सत्ताईस मई को एक युवक और युवती की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन ग्रामीणों को गिरफ़्तार किया है। पुलिस के अनुसार सुजीत और किरण की मौत बिजली का करंट लगने से हुई है।

गौरतलब है कि इस दोहरे हत्याकांड के विरोध में स्थानीय लोगों ने बलरामपुर के मुख्य मार्ग पर चक्काजाम भी किया था।

मौसम

प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी है। इस बीच, मौसम विभाग ने रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर सहित सत्रह जिलों के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया हैं। वहीं, सरगुजा, जशपुर, धमतरी सहित आठ जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में आने वाले एक दो दिनों के दौरान ज्यादातर इलाकों में तेज धूप, भीषण गर्मी और लू चलने की संभावना है।

इस बीच, आज शाम जशपुर जिले में गरज–चमक के साथ बारिश होने की खबर मिली है।

वहीं, महिला और बाल विकास विभाग द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन की अवधि को सुबह सात बजे से ग्यारह बजे तक करने के लिए निर्देश जारी किए हैं।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>
<u>और अब कुछ खबरें संक्षेप में–</u>

- जांजगीर–चांपा जिले के शिवरीनारायण में एक ट्रक डाईवर की लू लगने से मौत हो गई। मृतक झारखंड के जमशेदपुर का रहने वाला था।
- राजनांदगांव के ग्राम टेड़ेसरा स्थित एक निजी प्रतिष्ठान में कार्यरत् एक श्रमिक की अचानक मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
- कोंडागांव जिले की केशकाल पुलिस ने एक युवक को गांजा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी के वाहन से तिरसठ किलो गांजा बरामद किया गया है, जिसकी कीमत लगभग छह लाख रूपए बताई जाती है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>